दिन–शनिवार　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 19/10/2024

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारण:– शाम 7.30 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　अवधि:– 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय टीम प्रदेश में बाढ़ से हुई क्षति का आकलन करने के लिए कल पटना आ रही है। प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर टीम केन्द्र सरकार को रिपोर्ट सौंपेगी।

02. केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा – देश में मछली पालन के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है। मछली का निर्यात बढ़कर साठ हजार करोड़ रूपये का हो गया ।

03. झारखंड के विधानसभा चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन ने सीट बंटवारे का फार्मूला तय किया। झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस सत्तर, राष्ट्रीय जनता दल और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी–एम.एल. को ग्यारह सीटें दी गई।

04. और, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा ने विधानसभा उप चुनाव में इमामगंज से दीपा मांझी को उतारने का लिया फैसला।

————————————————————————

प्रदेश में बाढ से हुयी क्षति का आकलन करने के लिए केंद्रीय टीम कल पटना आ रही है। आपदा प्रबंधन मंत्री संतोष कुमार सुमन ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गृह मंत्रालय के संयुक्त सचिव पार्थ सारथी की अध्यक्षता में सात सदस्यों वाली टीम बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा करेगी। दो दिन के दौरे के बाद केंद्रीय टीम का बाईस अक्टूबर को राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ बैठक करने का कार्यक्रम है। श्री सुमन ने बताया कि राज्य सरकार ने केन्द्र से बाढ़ क्षतिपूर्ति मद में तीन हजार छह सौ अड़तीस करोड़ रुपये की सहायता राशि मांगी है।

————————————————————————

केंद्रीय पशुपालन, मत्स्य पालन और डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने आज कहा कि देश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मछली पालन के क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति की है और मछली का निर्यात बढ़कर साठ हजार करोड़ रूपये का हो गया है। मछली पालन के क्षेत्र में ड्रोन तकनीक के उपयोग पर पटना के ज्ञान भवन में आयोजित एक कार्यशाला को संबोधित करते हुए श्री ललन सिंह ने कहा कि इस निर्यात को दोगुना करके एक लाख बीस हजार करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य है।

श्री सिंह ने कहा कि ड्रोन तकनीक के उपयोग से बिहार के किसानों को भी फायदा मिलेगा इससे परिवहन, मछलियों के रख रखाव, मछलियों को दाना पहुंचाने में मदद होगी।

कार्यक्रम को बिहार के उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, पशु तथा मत्स्य संसाधन मंत्री रेणु देवी और अति पिछड़ा कल्याण विभाग के मंत्री हरि सहनी ने भी संबोधित किया।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि मछली उत्पादन में बिहार आत्मनिर्भर बन गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में अब लगभग नौ लाख मीट्रिक टन मछली का उत्पादन हो रहा है। अब बिहार की मछलियां दूसरे राज्यों में भेजी जा रही हैं। श्री कुमार ने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा मत्स्य पालन के क्षेत्र में विकास के लिए उठाये गये कदमों से राज्य के मत्स्य पालकों को काफी लाभ हो रहा है।

———————————————————————

केंद्रीय पशुपालन, मत्स्य पालन और डेयरी विभाग की संयुक्त सचिव नीतू कुमार प्रसाद ने कार्य़शाला में कहा कि बिहार में बाढ़ से प्रभावित क्षेत्रों में मछली के जीरे का उत्पादन एक लाभकारी उद्यम साबित हो सकता है।

———————————————————————

झारखंड के विधानसभा चुनाव के लिए इंडिया गठबंधन ने सीट बंटवारे का फार्मूला तय कर लिया है। झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस सत्तर सीटों पर चुनाव लडेंगे। झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन ने रांची में संवाददाताओं को बताया कि ग्यारह सीटें राष्ट्रीय जनता दल और भारतीय कम्युनिस्ट पाटी–एम.एल. को दी गई हैं। श्री सोरेन ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस में सीटों पर बंटवारा शीघ्र कर लिया जाएगा। श्री सोरेन ने कहा कि उम्मीदवारों की सूची तैयार है और जल्द ही इसे सार्वजनिक किया जाएगा।

———————————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने एक बार फिर दोहराया है कि वह एनडीए के साथ ही रहेंगे। उन्होंने कहा कि अब हम इधर–उधर नहीं जायेंगे। राजद पर आरोप लगाते हुए कहा कि वो लोग बहुत गड़बड़ करते हैं। अब हम एनडीए में आ गए हैं तो कहीं नहीं जाएंगे।

———————————————————————

बिहार में विधानसभा की चार सीटों तरारी, बेलागंज, इमामगंज और रामगढ़ के उप चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो गयी है। नामांकन की अंतिम तिथि पच्चीस अक्टूबर तक निर्धारित है। अट्ठाईस अक्टूबर को नामांकन पत्रों की जाँच होगी। उम्मीदवार तीस अक्टूबर तक अपना नाम वापस ले सकेंगे। मतदान तेरह नवम्बर को कराया जायेगा, जबकि मतों की गिनती तेईस नवंबर को होगी। इधर, हिन्दुस्तानी अवाम

मोर्चा के संरक्षक और केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने इमामगंज विधानसभा सीट से दीपा मांझी को उतारने का फैसला किया है। श्रीमती मांझी केन्द्रीय मंत्री जीतन राम मांझी की बहु हैं। वहीं, जन सुराज पार्टी में बेलागंज विधानसभा क्षेत्र से प्रोफेसर खिलाफत हुसैन को और इमामगंज से डॉक्टर जितेन्द्र पासवान को अपना उम्मीदवार बनाया है। पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने यह जानकारी दी। गौरतलब है कि तरारी विधानसभा क्षेत्र से पार्टी ने पहले ही एस.के. सिंह को अपना उम्मीदवार घोषित किया है।

---

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि किसानों के कल्याण के लिए केंद्र और राज्य सरकार मिलकर कार्य कर रही है। नई दिल्ली में राष्ट्रीय रबी कृषि सम्मेलन का उद्‌घाटन करते हुये उन्होंने कहा कि कृषि विभाग देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने और किसानों की जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में प्रत्येक कैबिनेट बैठक में किसानों के कल्याण के लिए और खेती को आगे बढ़ाने के लिए क्रांतिकारी फैसले लिए जा रहे हैं।

---

केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि बिहार में शराबबंदी लागू है। उन्होंने कहा कि शराबबंदी के कारण महिलाओं और बच्चों पर जो सकारात्मक प्रभाव पड़ा है वो बहुत अच्छी बात है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जहरीली शराब कांड से जुड़े लोगों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई करेगी।

---

जहरीली शराब कांड पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि ये एक दुखद घटना है। जहरीली शराब के कारण कई जाने गई हैं। उन्होंने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुये कहा कि राज्य सरकार इस मामले में एसआईटी का गठन कर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। श्री पासवान ने कहा कि इस घटना में जो भी लोग दोषी होंगे उनको बख्शा नहीं जाएगा।

---

बांका जिले के फुल्लीडुमर थाना क्षेत्र के नगरडीह मोड़ के पास एक अनियंत्रित चार पहिया वाहन की चपेट में आने से छह कांवरियों की मौत हो गयी। वहीं, इस हादसे में बारह लोग घायल हो गए। मृतकों में पांच महिलाएं और एक पुरूष शामिल हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस हादसे पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त किया है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि घायलों के लिए समुचित इलाज की व्यवस्था की जाए।

———————————————————————

कबड्डी बिहार में पहली बार आयोजित यूनिवर्सिटी स्तर के कबड्डी खेल के चांसलर ट्राफी के फाइनल मुकाबले में आज बालक वर्ग में मगध विश्वविद्यालय, बोध गया की टीम ने दरभंगा ललित नारायण मिथिला विश्व विद्यालय को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। वहीं, बालिकाओं के वर्ग में पाटलिपुत्र खेल परिसर में खेले गये फाइनल मुकाबले में दरभंगा ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय ने वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा को पराजित कर खिताब पर कब्जा जमाया। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने दोनों वर्ग के विजेता टीम को ट्राफी प्रदान की।

———————————————————————

जमुई जिले के बरहट थाना क्षेत्र के मुसहरिताड़ गाँव से पुलिस और एसएसबी की टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर दो लाख रूपये के ईनामी नक्सली सुनील कोड़ा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार नक्सली पर जमुई, लखीसराय, मुंगेर और झारखंड के विभिन्न थानों में दर्जनों मामले दर्ज हैं।

———————————————————————

मधुबनी जिले के कोतवाली चौक स्थित एक निजी बैंक के एटीएम काटकर अपराधियों ने छह लाख से अधिक रुपये चोरी कर लिये। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

———————————————————————

मुंगेर जिले के कृष्ण सेतु पुल के पास से पुलिस वाहन जाँच के दौरान दो हथियार तस्कर को तीन देशी पिस्टल, तीन मैगजीन और एक वाहन के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

शेखपुरा की एक अदालत ने हत्या के एक मामले में दोषी छोटू मिस्त्री को आजीवन कारावास के साथ पच्चीस हजार रूपए का अर्थदंड की सजा सुनाई है। वहीं, जिले की एक अदालत ने हत्या के एक अन्य मामले में दोषी अनिल पासवान को आजीवन कारावास के साथ पन्द्रह हजार रुपए अर्थदण्ड भी लगाया है।

———————————————————————

पटना रेलवे स्टेशन से यात्रियों का सामान चोरी के मामले में रेल पुलिस ने तीन अपराधियों को सत्रह मोबाइल और चोरी का सामान के साथ गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

औरंगाबाद जिले में पुलिस द्वारा विशेष जांच अभियान में चौबीस घंटों के दौरान अंठावन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

---